# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026


## इजरायली मिसाइल पर जब फूटा ईरान का गुस्सा तो सहमा अमेरिका, हिल गया वॉल स्ट्रीट, कच्चे तेल मे लगी आग।


Publisher



Published on 14 Jun 2025




## इजरायल-ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष से वॉल स्ट्रीट मे भारी गिरावट, कच्चे तेल की कीमतों मे जंबरदस्त उछाल और एयरलाइंस कंपनियों के शेयरों मे गिरावट दर्ज।

इजरायल और ईरान के बीच जारी टकराव अब वैश्विक वित्तीय बाजारों तक पहुंच गया है। शुक्रवार को **इजरायल** की ओर से ईरान पर मिसाइल हमले के बाद जहां वॉल स्ट्रीट कांप उठा, वहीं कच्चे तेल की कीमतों में **7%** तक की भारी बढ़ोतरी देखी गई। यह हमला ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर किया गया, जिसका जवाब ईरान ने भी तीखे पलटवार से दिया।

हमलों के बाद **येरुशलम** में लगातार धमाकों की आवाजें सुनाई दीं, और **इजरायली सायरन** की गूंज ने हालात की गंभीरता को और बढ़ा दिया। इस तनावपूर्ण माहौल का सीधा असर **वैश्विक निवेशकों** पर पड़ा है, जिससे **अमेरिकी शेयर बाजारों मे भारी गिरावट देखी गई**।

**मध्य पूर्व मे गंहराता** संकट:
अगर दोनों देशों के बीच इस तरह के हमले जारी रहे, तो यह मध्य पूर्व से कच्चे तेल की आपूर्ति को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। इसी आशंका ने शुक्रवार को **अंतरराष्ट्रीय बाजार** में तेल की कीमतें आसमान पर पहुंचा दीं।

एयरलाइंस और शेयर बाजारों पर असर:

१. **तेल की कीमतों मे वृद्धि से एविएशन सेक्टर को गहरा झटका लगा है।**
२. **यूनाइटेड एयरलाइंस : 4.4% गिरावट**
३. **अमेरिकन एयरलाइंस : 4.9% गिरावट**
४. **डेल्टा एयरलाइंस : 3.8% गिरावट**
५. **वहीं रक्षा क्षेत्र की कंपनियों जैसे RTX कॉर्पोरेशन के शेयरों मे मंजबूती देखी गई है।**

एनर्जी स्टॉक्स में जबरदस्त तेजी:

१. **इजरायली हमले के बाद एनर्जी सेक्टर मे तेजी का रुख रहा।**
२. **डायमंडबैक एनर्जी: 3.7% की वृद्धि**
३. **एक्सॉन मोबिल : 2% तक चढ़ाव**

इसके विपरीत,

१. **S&P 500: 1.13% गिरा**
२. **NASDAQ: 1.30% नीचे**
३. **Dow Jones: 1.79% गिरा**

**विश्लेषकों की चेतावनी :**

**ब्राउन ब्रदर्स हैरिमन** के वरिष्ठ बाजार विश्लेषक इलियास हदाद के अनुसार, "अगर यही हालात जारी रहे तो पूरी दुनिया एक बड़े सैन्य संघर्ष में उलझ सकती है।"

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.